देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 26 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों द्वारा पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल के निधन एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. जगदीश चौहान के पिताजी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए 02 मिनिट मौन रख कर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके पश्चात माननीय सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रानिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार का आई.आई.आई.टी. अगरतला में निदेशक के पद पर चयन होने पर उन्हें बधाईयां प्रेषित की गई।

बैठक में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा सम्बोधित किए जाने वाले रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' के 100वें संस्करण के अवसर पर दिनांक 30/04/2023 को प्रातः 11:00 बजे विश्वविद्यालय सभागृह में एक विशेष कार्यक्रम को आयोजित करने की सहमति प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का प्रस्ताव कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. जगदीश चौहान जी द्वारा रखा गया था। साथ ही 01 मई 2023 से प्रारंभ होने वाले विश्वविद्यालय की स्थापना के हीरक जयंती वर्ष पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई।

कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. सुनिता जोशी के प्रस्ताव ''श्री शंकराचार्य भारतीय दर्शन शोधपीठ'' की स्थापना के प्रस्ताव को भी सहमति प्रदान की गई।

विश्वविद्यालय के स्ववित्त योजनातर्गत स्वीकृत किए गए नियमित पदों पर नियुक्त कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के प्रस्ताव को भी कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की।

सत्र 2023–24 की मुख्य/पूरक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले विद्यार्थियों के प्रकरणों के निराकरण हेतु निर्णायक समिति में डॉ. उग्रसेन सुमन को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। तक्षशिला परिसर स्थित आई.टी. सेंटर के नवीनीकरण कार्यो हेतु सहमति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों, भवनों की मरम्मत से संबंधित कार्यो का सम्पादन मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से कराये जाने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की।

विश्वविद्यालय के स्ववित्त योजना के अंतर्गत स्वीकृत पदों पर नियमित नियुक्त शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट योजना का लाभ दिये जाने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् सदस्यों ने सैद्धांतिक सहमति प्रदान करते हुए संबंधित प्रक्रिया शुरू किए जाने की सलाह दी।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी